भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 94

उत्तर देने की तारीख-03/02/2025

बाराबंकी जिले (उ.प्र.) के छात्रों को अ.पि.व. छात्रवृत्ति

† 94. श्री तनुज पुनिया:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग की छात्रवृत्ति का दावा करने वाले विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों का ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों के दौरान कितने छात्रों को उक्त छात्रवृत्तियां प्रदान की गई हैं;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में कितने छात्रों को छात्रवृत्ति नहीं मिली है अथवा उनके नाम सूची से हटा दिए गए हैं;

(ग) क्या सरकार का विचार उक्त छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए अलग से बजट आवंटित करने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(डॉ. सुकांत मजूमदार)

(क) से (घ): सरकार मौजूदा योजना दिशानिर्देशों के अध्यधीन, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों सहित सभी श्रेणियों के छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाएं कार्यान्वित कर रही है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग (डीएसजेई) द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, डीएसजेई देश में उच्चतर शिक्षा प्राप्त करने के लिए ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी छात्रों को बढ़ावा देने के लिए वाइब्रेंट इंडिया के लिए पीएम यंग अचीवर्स छात्रवृत्ति पुरस्कार योजना (पीएम-वाईएएसएएसवीआई) को कार्यान्वित कर रहा है। प्रत्येक वित्त वर्ष के आरंभ में, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए निधियों का सांकेतिक आवंटन, डीएसजेई द्वारा, प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की जनसंख्या के आधार पर, इस योजना के समग्र वार्षिक परिव्यय से किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत पिछले तीन वित्त वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार को जारी धनराशि और लाभार्थियों की संख्या का ब्यौरा https://www.education.gov.in/parl_ques पर देखा जा सकता है।

इसके अतिरिक्त, उच्चतर शिक्षा विभाग (डीएचई) कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा प्रोत्साहन (पीएम-यूएसपी) केंद्रीय क्षेत्र छात्रवृत्ति योजना (सीएसएसएस) को क्रियान्वित करता है, जिसके तहत ओबीसी छात्रों सहित भारत में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों को योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार छात्रवृत्ति मिलती है। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों तथा शैक्षणिक वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के दौरान इन उच्चतर शिक्षा संस्थानों से पीएम-यूएसपी सीएसएसएस छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या https://www.education.gov.in/parl_ques पर देखी जा सकती है।

*****

अनुलग्नक

बाराबंकी जिले (यूपी) के छात्रों को ओबीसी छात्रवृत्ति के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री तनुज पुनिया द्वारा पूछे गए दिनांक 03-02-2025 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 94 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की योजना पीएम-यशस्वी के अंतर्गत जारी धनराशि और लाभार्थियों की संख्या - उत्तर प्रदेश राज्य सरकार को ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी छात्रों के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति

वित्त वर्ष 2021-22		वित्त वर्ष 2022-23		वित्त वर्ष 2023-24	
जारी की गई निधि (₹ लाख)	लाभार्थियों की संख्या (लाख)	जारी की गई निधि (₹ लाख)	लाभार्थियों की संख्या (लाख)	जारी की गई निधि (₹ लाख)	लाभार्थियों की संख्या (लाख)
19908.00	1.74	21000.00	1.32	21000.00	1.83

उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के नाम तथा छात्रों की संख्या जिन्हें पिछले तीन शैक्षणिक वर्षों के दौरान पीएम-यूएसपी सीएसएसएस योजना के तहत छात्रवृत्ति मिली है

एआईएसएचई कोड	महाविद्यालय/विश्वविद्यालय का नाम	पिछले तीन शैक्षणिक वर्षों के दौरान पीएम-यूएसपी सीएसएसएस योजना से छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले ओबीसी छात्रों की संख्या
सी-42304	पी.एल. मेमोरियल महाविद्यालय, फैजाबाद रोड, बाराबंकी	7
सी-42382	साई पीजी कॉलेज बेलहरा रोड फ़तेहपुर बाराबंकी	29
सी-42426	मुंशी रघुनन्दन प्रसाद सरदार पटेल पी.जी. कॉलेज, बाराबंकी	11
सी-42485	जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पोस्टग्रेजुएट कॉलेज	3
सी-42610	रानी शांति देवी महाविद्यालय, हथौधा, रामसनेहीघाट, बाराबंकी	2
सी-51894	डॉ.अवधेश प्रकाश शर्मा स्मारक महाविद्यालय, नासीपुर	3
सी-52606	सीता देवी महाविद्यालय	1
सी-52883	हाजी वारिस अली शाह मेमोरियल डिग्री कॉलेज	44
सी-58689	राजकीय डिग्री कॉलेज, हंसौर, बाराबंकी	2
सी-59981	कांति डिग्री कॉलेज	11
सी-65562	श्री सुन्दर लाल स्मारक महाविद्यालय शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान औरेला सैदनपुर बाराबंकी	1